साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## महत्वपूर्ण एवं खास

### नक्सली विस्फोट में दो जवान शहीद

कांकेर (आरएनएस)। जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के ताड़वायली गांव के जंगल में सोमवार देर शाम नक्सलियों के आईईडी विस्फोट से सीमा सुरक्षा बल के दो जवान संतोष लक्ष्मण गौरव व विजयानंद नायक शहीद हो गए।

कांकेर एसपी के एल ध्रुव ने बताया कि कल शाम मोटर साइकिल से सीमा सुरक्षा बल के जवान अलग- अलग कैम्पों से रात को गश्त करने निकले थे, जब ये जवान छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के ताड़वायली जंगल के पास पहुंचे तो घात लगाये नक्सलियों ने बारूदी सुरंग विस्फोट कर दिया, जिसमें जवान गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल जवानों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्र लाया जा रहा था, कि रास्ते में ही उनकी सांसें थम गयीं। उन्होंने बताया कि विस्फोट के बाद दोनों ओर से गोलीबारी हुई, जिसमें कुछ नक्सली घायल हुए हैं।

उन्होंने बताया कि इस दौरान आसपास छिपे नक्सलियों ने फायरिंग भी की, लेकिन साथ मौजूद अन्य जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद वे भाग खड़े हुए। अंधेरा हो जाने के कारण घटनास्थल की सर्चिंग नहीं की जा सकी। श्री ध्रुव ने बताया शव परीक्षण के बाद आज शहीद जवानों की पार्थिव काया सलामी देने के बाद उनके गृहग्राम कर्नाटक रवाना की गयी।

### राज्य के उत्तरी इलाकों में अच्छी बारिश के आसार

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में आगामी चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा और बस्तर संभाग में मानसून की झमाझम बारिश होती रहेगी। इस दौरान दोनों संभाग में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश के आसार हैं। इधर राज्य के मैदानी इलाकों में भी मानसून पूरी तरह से सक्रिय बनी हुई है।

मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो आने वाले चौबीस घंटों के दौरान अब उत्तरी छत्तीसगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी। विगत चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश रिकार्ड की गई है। खासकर बस्तर संभाग के जिलों में व्यापक बारिश की सूचना है। इस तरह मानसून अब उत्तरी छत्तीसगढ़ में भी मेहरबान हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आने वाले चौबीस घंटों के दौरान सरगुजा संभाग के अधिकांश जिलों में मानसूनी बारिश जारी रहेगी और इस दौरान हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश संभावित है। इधर दो दिन पूर्व ऊपरी हवा में बना चक्रवात आज थोड़ा कमजोर ह हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो ओडिशा के निकट बना चक्रवाती घेरा थोड़ा कमजोर हो गया है, इसी के असर से राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाकों में बारिश की गतिविधियों पर अल्प विराम लग गया है। हालांकि झारखंड और ओडिशा की सीमा पर बना चक्रवात शक्तिशाली है और आने वाले चौबीस घंटों के दौरान यह और भी शक्तिशाली हो जाएगा। इसके परिणाम स्वरूप उत्तरी छत्तीसगढ़ याने सरगुजा संभाग के जिलों में मानसूनी बारिश की गतिविधियां लगातार जारी रह सकती है। इधर राज्य के अनेक इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताते हुए मौसम विभाग ने राज्य में कहीं-कहीं पर भारी बारिश के आसार जताए हैं। राजधानी रायपुर और आसपास के इलाकों में भी शाम-रात तक एक अथवा दो बार हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है।

### महिला कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

कोरबा (आरएनएस)। बढ़ती महंगाई को लेकर मंगलवार को जिले के कटघोरा ब्लाक में भावना जायसवाल जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण के नेतृत्व में कांग्रेसी महिलाओं व ग्रामीणों ने एस डी एम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। बढ़ती महंगाई को लेकर मंगलवार को जिला महिला कांग्रेस कमेटी व ग्रामीणों ने भावना जयसवाल जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण के नेतृत्व में कटघोरा एसडीएम राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान कांग्रेसियों ने बढ़ती महंगाई का विरोध करते हुएए भाजपा शासन की नीतियों को जनता विरोधी बताया। महिलाओं द्वारा कहा गया कि जनता की समस्याओं से सरकार का कोई सरोकार नहीं है। महंगाई के चलते लोगों का जीना दुर्भर हो गया है, बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी हैए महंगाई के चलते महिलाओं का घरेलू बजट बिगड़ गया है। भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है इससे मध्य वर्ग अधिक परेशान है और तो और एलपीजी के दाम बढ़ने से लोगों के घरों में गैस जलना मुश्किल होता जा रहा है। बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दामों से आवागमन के साथ दैनिक उपयोग की वस्तुओं और खाद्यान्न सामाग्री की कीमतें बढ़ती जा रही हैं।

### शराबी पति से त्रस्त महिला ने कुएं में लगाई छलांग, बच्चों की मौत, मां बची

भिलाई। पति की हरकतों से प्रताड़ित होकर नंदिनी अहिवारा की ग्राम पंचायत पोटिया के आश्रित ग्राम देउरझाल की ललिता धृतलहरे (34) ने दो बच्चों को लेकर बीती रात कुएं में कूद गई। इस दौरान महिला की तो जान बच गई। लेकिन डेढ़ वर्षीय बेटा तेजेश्वर और चार वर्षीय बेटी भावना की पानी में डूबने से मौत हो गई। नंदिनी पुलिस ने बताया कि कुएं में महिला के करहाने की आवाज सुनकर मंगलवार सुबह घटना की जानकारी हुई। महिला का कहना था कि मजदूरी करने वाले पति सेवकराम धृतलहरे शराब का आदी था और कई महीनों से मजदूरी के काम पर जाना भी छोड़ दिया था।

# पुलिस आईजी पवनदेव के खिलाफ महिला कॉस्टेबल द्वारा लगाई गई याचिका पर हाई कोर्ट बिलासपुर में सुनवाई हुई

बिलासपुर (आरएनएस)। पुलिस आईजी पवनदेव के खिलाफ महिला कॉस्टेबल द्वारा लगाई गई याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट बिलासपुर में सुनवाई हुई. कोर्ट ने मामले में शासन को एक सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं. कोर्ट ने कहा कि पीड़ित के आरोपों पर शासन स्पष्ट जवाब प्रस्तुत करे. हाई कोर्ट चीफ जस्टिस के डिवीजन बैंच में मामले की सुनवाई हुई. गौरतलब है कि



आईजी पवनदेव गौतम पर बिलासपुर में पदस्थ रहते एक महिला कॉस्टेबल से मोबाइलफोन पर अश्लील बात करने का आरोप है. महिला कॉस्टेबल ने मामले की शिकायत की है. इसके साथ ही हाई कोर्ट में याचिका दायर कर शासन द्वारा आईजी पवनदेव को बचाने का आरोप लगाया है. इसी मामले में आज सुनवाई हुई। ज्ञात हो कि आईजी महिला कॉस्टेबल द्वारा प्रताड़ना के आरोप के बाद आईजी के खिलाफ शिकायतकर्ता ने कार्रवाई की मांग की थी. महिला कॉस्टेबल की इस मांग के बाद शासन ने आईएएस रेणुका पिल्ई की अध्यक्षता में गठित इंटरनल कम्प्लेंट कमिटी द्वारा जांच कराई. इस कमेटी ने आईजी पवन देव पर लगाये गए यौन उत्पीड़न के आरोप को सही पाया था।

## मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर, डीआरजी का एक जवान भी हुआ घायल

### चिंतागुफा इलाके की घटना

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के अतिसवेदनसिल सुकमा जिले में फिर एक बार सुरक्षा बल एवम नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर प्रकाश में आयी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार डीआरजी-पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है, जिसमें पुलिस ने दो नक्सलियों की मारे जाने की खबर है मारे गए नक्सलियों का शव भी बरामद कर लिया गया है, वहीं आईईडी ब्लास्ट में एक डीआरजी का जवान घायल हो गया है. पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने इस घटना की पुष्टि की है।

मुठभेड़ की घटना चिंतागुफा थाना के मीनपा के जंगलों में हुई हैं । मीनपा के जंगलो में सर्चिग के लिए निकली डीआरजी टीम पर आईईडी ब्लास्ट कर अचानक नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी. जवानों ने तुरंत मोर्चा सम्भालते हुए नक्सलियो को मुंह तोड़ जवाब दिया. जवानों की तरफ से हुई जवाबी फायरिंग में दो नक्सली मारे गए है।

इसके बाद नक्सलियों ने आइईडी ब्लास्ट किया जिसमें डीआरजी का एक जवान घायल हो गया है।घायल जवान का नाम हुर्रा बताया गया है।जिसे हेलीकाप्टर की मदद से रायपुर लाया गया है।

## मोबाईल चोर गिरोह का पर्दाफाश 4 आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े


जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल हुई है. मोबाइल बेचने के फिराक में घूम रहे 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. साथ ही पुलिस ने इनके पास से 12 मोबाइल भी जब्त किया है. सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है. चांपा पुलिस थाने का मामला बताया जा रहा है।




जानकारी के मुताबिक चांपा में सक्रिय मोबाइल चोर गिरोह बंगाली गैंग के नाम से प्रचलित हो गया था. जिसे चांपा पुलिस कई दिनों से तलाश कर रही थी. इसी बीच पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली की गैंग के कुछ लोग चोरी का मोबाइल रखे हुए है. और बेचने के फिराक में घूम रहे है. पुलिस तत्काल कार्रवाई करते हुए युवकों को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की तो चारों आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया. पकड़े गए आरोपियों में से दो लोग झारखण्ड के रहने वाले है. जो अपने बीवी बच्चों के साथ चांपा में डेरा जमाए हुए हैं. वहीं दो अन्य आरोपी चांपा के ही रहने वाले है।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वो नशे के आदी हैं. और नशे के लिए स्टेशन और प्लेटफार्म के अंदर घूम-घूम कर नजर गड़ाए रहते थे.

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल दिल्ली रवाना



रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेश बघेल मंगलवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए। वे वहां प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया से मुलाकात करेंगे और प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों के बारे में उन्हें अवगत कराएंगे।

श्री बघेल ने श्री पुनिया को छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में कांग्रेस के सत्र भर के दौरान प्रदर्शन की रिपोर्ट भी दे सकते है। सत्र के दौरान कांग्रेस किन-किन मुद्दों पर सरकार का घेराव किया और सबसे प्रमुख हथियार अविश्वास प्रस्ताव पर विधायकों का प्रदर्शन कैसा रहा इसकी भी पूरी जानकारी श्री पुनिया को वे दे सकते है। इसके अलावा श्री बघेल विधानसभा चुनाव को देखते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी श्री पुनिया से चर्चा कर सकते है। पार्टी सूत्रों के अनुसार श्री बघेल दिनभर दिल्ली में रहने के बाद देर शाम की फ्लाइट से वापस रायपुर लौट आएंगे।

# प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी, प्रेमी की मौत

### प्रेमिका की हालत गंभीर

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। शिवरीनारायण थानांतर्गत ग्राम कुटीपारा खरौदनगर में प्रेमी जोड़े ने मंगलवार की सुबह खुदकुशी का प्रयास किया। प्रेमी की मौत हो गई वहीं प्रेमिका की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे खरौद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रेमिका नाबालिग है और वह अपने प्रेमी को खुदकुशी की राह अपनाने के लिए हमेशा मना करती रही। लेकिन प्रेमी उसे इसी राह को आसान बता रहा था। दोनों आपस में लंबे समय से प्रेम करते थे और शादी भी करना चाहते थे, लेकिन लड़की नाबालिग होने के कारण प्रेम विवाह में कानूनी अड़चने आ रही थी।

आखिरकार दोनों ने यह कदम उठा लिया। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

शिवरीनारायण थाना प्रभारी अजय शंकर त्रिपाठी के मुताबिक कुटीपारा खरौद निवासी बनवारी लाल आदित्य पिता रतन लाल (25) अपने गांव की नाबालिग लड़की से काफी दिनों से प्रेम करता था।

दोनों के प्रेम प्रसंग की चर्चा गांव में आम हो चुकी थी। बनवारी को लड़की के परिजनों ने ऐसा करने से मना भी किया था, लेकिन दोनों का प्रेम प्रसंग थमने के बजाय उल्टे परमान चढ़ रहा था जिसे लेकर लड़की के परिजन परेशान थे। कई बार लड़की के परिजनों ने लड़के की पिटाई भी कर चुके हैं। जिससे क्षुब्ध होकर दोनों भागकर शादी करना चाहते थे, लेकिन लड़की अपने प्रेमी को ऐसा करने से मना करती थी। वहीं प्रेमी युवक की बात की चिंता थी कि यदि भागकर शादी करेंगे तो बाद में कानूनी हड़चने आएगी और उसे नाबालिग के अपहरण के आरोप में जेल भी जाना पड़ सकता है। आखिरकार दोनों खुदकुशी की राह अपनाने की योजना बना डाले।

## छत्तीसगढ़ में प्रजनन दर 3.3 से घटकर 2.2 और दम्पत्ति सरंक्षण दर 53.2 से बढ़कर 61.7 पर



रायपुर (आरएनएस)। विश्व जनसंख्या दिवस पर कल 11 जुलाई को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ में जनसंख्या नियंत्रण दिवस मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा जनसंख्या स्थिरता के लिए कई प्रोत्साहन योजना भी संचालित की जा रही है। एन. एफ.एच. एस. -4-2015 के सर्वे रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में वर्ष 2003 में कुल प्रजनन दर 3.3 था, जो वर्तमान में कम होकर 2.2 हो गया है, अर्थात् एक महिला के प्रजनन काल में औसत बच्चो की संख्या से यह डाटा लिया गया है। परिवार नियोजन की दम्पत्ति संरक्षण दर 53.2 से बढ़कर 61.7 हो गया है। परिवार नियोजन के साधन अपनाने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। अधिकारियो ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस पर विभागीय अमले द्वारा घर-घर जाकर दम्पत्तियों से संपर्क किया जाएगा। इन दिनों में एक बच्चे, दो बच्चे तथा दो से अधिक बच्चो के माता-पिता को परिवार नियोजन के स्थायी अथवा अस्थायी साधन अपनाने की जानकारी दी जाएगी। बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ए. एन. एम. तथा मितानिन के द्वारा योग्य दम्पत्तियों की सूची बनायी जाएगी। जिला अस्पताल तथा चिन्हांकित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लक्षित दंपत्तियों को हितग्राही बनाते हुए परिवार नियोजन की सेवाएं प्रदान की जाएगी।

## मुठभेड़ में दो वर्दीधारी हार्डकोर नक्सली ढेर, एक जवान घायल

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज सुबह हुयी पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में जहां दो वर्दीधारी हार्डकोर नक्सली मारे गये, वहीं रिजर्व पुलिस का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल जवान को हेलिकॉप्टर से रायपुर ले जाया गया है। मारे गए दोनों नक्सली ईनामी हैं।

सुकमा एसपी अभिषेक मीणा ने बताया कि भरी बारिश के बीच आज चिंतागुफा थाना से रिजर्व पुलिस के जवान गश्त पर निकले थे, कि ग्राम मिनपा जंगल के पास घात लगाए नक्सलियों ने बारूदी सुरंग विस्फोट कर दिया। विस्फोट के बाद पुसिल जवानों ने तुरंत मोर्चा संभाला और दोनों ओर से लगभग आधे घंटे तक गोलीबारी हुई। गोलीबारी में दो नक्सली मारे गये, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। मृत नक्सलियों की उईका सुक्का ईनामी 8 लाख एवं नुप्पो मुत्ता ईनामी एक लाख के रूप में शिनाख्त की गयी है। घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान दो बंदूकें बरामद की गयी हैं।

श्री मीणा ने बताया कि नक्सलियों द्वारा किये गये बारूदी सुरंग विस्फोट में रिजर्व पुलिस क एक जवान हुर्रा गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे बेहतर इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से रायपुर ले जाया गया है।

## भीड़ में शामिल होकर शातिर उड़ा रहे कीमती मोबाइल फोन

रायपुर (आरएनएस)। मोवा शराब दुकान के निकट से कल किसी अज्ञात चोर ने एक युवक का कीमती मोबाइल फोन पार कर दिया। पंडरी थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी अरूण जंघेल पिता हेमनाथ 19 वर्ष निवासी कांपा लोधीपारा पण्डरी ने शिकायत दर्ज कराया कि कल रात वह मोवा शराब दुकान पास खड़ा था कि तभी किसी अज्ञात आरोपी ने प्रार्थी के पेंट की जेब में रखा 01 नग सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन कीमती 30,000 रूपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

इधर एक अन्य मामले में गोलबाजार थाना क्षेत्र के शास्त्री बाजार में खरीददारी करने पहुंचे एक व्यक्ति का भी कीमती मोबाइल किसी ने पार कर दिया।

## बैंक परिसर से युवक का 50 हजार और मोबाइल लेकर अज्ञात फरार

रायपुर (आरएनएस)। गंज थाना क्षेत्र के पीएनबी शाखा में कल एक व्यक्ति को झांसा देकर अज्ञात व्यक्ति उसका मोबाइल फोन और 49 हजार रूपए ले भागा। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी सुभाष साहू पिता तिहारू राम साहू 18 वर्ष निवासी लक्ष्मण नगर गुढ़ियारी कल दोपहर 3.30 बजे के आसपास घटना स्थल पंजाब नेशनल बैंक पहुंचा था। यहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने उससे बात करने के लिए मोबाइल फोन मांगा और बैंक आने का कारण पूछा। प्रार्थी ने रूपए जमा करने की बात कही तो उसने प्रार्थी को झांसे में लेते हुए रूपए खुद जमा करा देने की बात कही।

आरोपी को बैंक कर्मी समझ कर प्रार्थी ने उसे मोबाइल फोन और पैसा दे दिया। इसी बीच आरोपी मौका देखकर वहां से भाग निकला।

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।